Patrika (Indore), 6th November 2026, Page – 07

चिकित्सा, प्लाज्मा, न्यूट्रॉन और रोबोटिक्स तकनीक पर हुए सत्र

अनुसंधान को गति देंगे आइआइटी इंदौर और बार्क

इंदौर @ पत्रिका. आइआइटी इंदौर और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क), मुंबई मिलकर वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी विकास को बढ़ावा देंगे। इसी दिशा में आइआइटी इंदौर में बार्क के सहयोग से प्रौद्योगिकी प्रसार एवं जागरुकता कार्यक्रम किया गया। इसमें वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों को नई तकनीकों, उनके व्यावहारिक उपयोग और अनुसंधान के क्षेत्र में हो रहे काम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य



दोनों संस्थानों के बीच वैज्ञानिक सहयोग बढ़ाना और शोध के नए अवसर तलाशना था।

कार्यक्रम में आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. देवेंद्र देशमुख मुख्य अतिथि और अनुसंधान एवं विकास के अधिष्ठाता प्रो. अभिरूप दत्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बार्क की ओर से राजेश कुमार जैन भी शामिल हुए। बार्क के वैज्ञानिकों ने परमाणु विज्ञान, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, अभियांत्रिकी और सामरिक तकनीकों के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों का उपयोग आम जीवन और विभिन्न क्षेत्रों में किस तरह किया जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को देश में विकसित हो रही स्वदेशी तकनीकों से परिचित कराने का प्रयास भी किया गया।